लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र

(एम.एफ.पी–पार्क), वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल
(प्रधान कार्यालय : म.प्र. राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित), टेलीफैक्स– 0755–2970629, 2970630
Website: www.vindhyaherbals.com, Email: mfpparc@gmail.com

निविदा क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/अ.क.निविदा/2020/342 भोपाल, दि. 18.04.2020

अल्पकालिक ई–निविदा की अधिसूचना

लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल द्वारा निम्नानुसार इच्छुक निविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से अल्पकालिक ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :–

1. **आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों के निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली उच्चतम गुणवत्ता एवं प्रमाणित शुद्धता की हर्बल कच्ची औषधियां/मसाले/तेल की क्रय आपूर्ति हेतु ई–निविदा।**

   दिनांक 20.04.2020 सायं 5 बजे से दिनांक 04.05.2020 सायं 4 बजे तक ऑनलाइन भर सकते हैं।

2. **विभिन्न जोन हेतु संस्थागत अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु ई–निविदा।**

   दिनांक 24.04.2020 सायं 5 बजे से दिनांक 07.05.2020 सायं 4 बजे तक ऑनलाइन भर सकते हैं।

इच्छुक निविदाकार/आपूर्तिकर्ता मध्यप्रदेश शासन के ऑनलाइन पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर निर्धारित तिथि से राशि 1000/– (एक हजार रुपए) के ई–भुगतान से निविदा क्रय कर निर्धारित तिथि तक तकनीकी एवं वित्तीय निविदा प्रस्ताव निविदा प्रपत्र में उल्लेखित शर्तो एवं प्रारुप अनुसार ऑनलाइन भर सकते हैं। बिना ई.एम.डी. के निविदाएं मान्य नहीं होंगी। सुलभ सन्दर्भ हेतु निविदायें केन्द्र की वेबसाइट **www.vindhyaherbals.com** पर भी उपलब्ध रहेंगी।

म.प्र. माध्यम/97270/2020 **मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी–पार्क)

वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल

(प्रधान कार्यालय–म.प्र.राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित)

फोन : 0755-2970629, 2970630 फैक्स : 0755- 2417670

Website: www.vindhyaherbals.com, Email: mfpparc@gmail.com, mfp_parc@rediffmail.com

क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/मु0का0अधि./2020/510 भोपाल, दिनांक 20/05/2020

नोटिस (Notice)

——000——

विषयः–संस्थागत अभिकर्ताओं की नियुक्ति हेतु पुनः निविदा (Retender) आमंत्रित किए जाने के संबंध में।

सन्दर्भः–निविदा अधिसूचना कं/एम.एफ.पी.–पार्क/अ.क.निविदा/2020/342, दिनांक 18.04.2020 एवं आमंत्रित निविदा कमांक.: MFP-PARC/NIT/IA/2020/372, दिनांक 24.04.2020

उपरोक्त सन्दर्भ अनुसार अवगत कराया जाता है, कि इस केन्द्र द्वारा निर्मित की जाने वाली आयुर्वेदिक औषधियों की शासकीय आपूर्ति में आवश्यक संवाद एवं समन्वय हेतु देश के विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के समूहों को सम्मिलित करते हुए 4 जोन के लिए नवीन संस्थागत अभिकर्ताओं के चयन की प्रकिया जोनवार अपनाई गई थी।

कय समिति द्वारा उक्त निविदा के तकनीकी बिड को खोलने की कार्यवाही दिनांक 18.05.2020 को की गई। निर्धारित दिनांक एवं समय तक मात्र एक ही निविदाकार से ऑफलाइन एवं आनलाइन निविदा प्राप्त हुई जिससे संस्थागत अभिकर्ताओं के चयन की प्रकिया पूर्ण नही हो सकी। उक्त कारण से कय समिति द्वारा पुनः निविदा (Retender) आमंत्रित किए जाने की अनुशंसा की गई है।

अतः निम्नानुसार पुनरीक्षण एवं संशोधन के साथ संस्थागत अभिकर्ताओं के चयन एवं नियुक्ति हेतु पुनः निविदाएं (Retender) आमंत्रित की जाती हैं–

1. पुनः निविदा (Retender) में 4 जोन के अतिरिक्त पृथक से मध्यप्रदेश को एक जोन के तौर पर निविदा में शामिल किया गया है जोकि पूर्व में Central Zone में सम्मिलित था। इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश जोन के लिए Scope of works को भी पृथक से निविदा में जोड़ा गया है।
2. अब संस्थागत अभिकर्ताओं की नियुक्ति पूर्व में निर्धारित 4 जोन के स्थान पर 5 जोन के लिए की जावेगी।

नोट–

संबंधित एवं इच्छुक निविदाकारों को यह भी सूचित किया जाता है कि पुनः निविदा (Retender) की अधिसूचना का प्रकाशन भौतिक रुप से पृथक से नही किया जाएगा।

निविदा से संबंधित संशोधन, शुद्धिपत्र, पुनरीक्षण एवं पुनः निविदा इत्यादि की समस्त प्रकिया एवं अन्य आवश्यक जानकारी म.प्र. शासन के ई–पोर्टल https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध कराई जाएगी।

इसके अतिरिक्त इस केन्द्र की वेबसाइट www.vindhyaherbals.com पर निविदा प्रकिया की जानकारी उपलब्ध रहेगी।

निविदा से संबंधित जिज्ञासा, समस्या एवं शंका इत्यादि के समाधान के लिए mfpparc@gmail.com पर ईमेल भेजकर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

सर्व संबंधितों की ओर सूचनार्थ।

20/05/2020

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र
बरखेड़ा पठानी भोपाल